छत्तीसगढ़ शासन
लोकः समस्ताः सुखिनो भवन्तु
विष्णु की पाती
छत्तीसगढ़ के जन-मन के लिए
सुशासन का 1 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
Get Latest CMO Chhattigarh Feed@
Scan QR

विष्णु की पाती

छत्तीसगढ़ के जन-मन के लिए

प्रिय ....

जय जोहार,

आशा करता हूं कि आप सपरिवार सकुशल होंगे। मुझे आपको यह सूचित करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है कि अब शीघ्र ही आपका अपना पक्का घर होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने इसकी स्वीकृति दे दी है। स्वयं का पक्का आवास सबका सपना होता है। मुझे इस बात का एहसास है कि इस सपने को पूरा करने के लिए आपने पिछले पांच वर्षों का लम्बा इंतजार और संघर्ष किया होगा।

आपको मालूम है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विधानसभा चुनाव के दौरान आवासहीन परिवारों को पक्का मकान देने की गारंटी दी थी। हमने सरकार गठन के दूसरे दिन ही कैबिनेट की बैठक में राज्य के 18 लाख से अधिक आवासहीन परिवारों को पक्का आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया और इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए हम हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। आप में से अनेक लोगों को आवास की चाबी भी सौंपी जा चुकी है।

मेरा सौभाग्य है कि आपको पक्का मकान उपलब्ध कराने के पुनीत कार्य का मैं माध्यम बना हूं। आपका नया घर खुशियों और समृद्धि से भरा हो, यह मेरी कामना है।

आप सभी को आगामी नववर्ष की शुभकामनाएं

आपके स्नेह और समर्थन का सतत् आंकाक्षी

आपका

विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

लोकः समस्ताः सुखिनो भवन्तु